


नवभारत 03
इंदौर, मंगलवार, 09 दिसम्बर, 2025


# बस स्टैंड से विजय स्तंभ तिराहा और मैन बाजार का अतिक्रमण हटाया

**▶ जेसीबी मशीन से गुमटियां ध्वस्त कर सामान भी किया गया जप्त**
**सभी व्यापारियों को नोटिस के अभाव में मैन बाजार से आगे नहीं बढ़ पाई मुहिम**

**झाबुआ।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह द्वारा दिए गए आदेश के परिपालन में 8 दिसंबर, सोमवार को नगरपालिका एवं ट्रेफिक पुलिस की टीम ने मिलकर शहर के बस स्टैंड चौराहा से लेकर विजय स्तंभ तिराहा एवं मेन बाजार में सख्ती से अतिक्रमण मुहीम चलाई। जिसमें इन मार्गों से अस्थायी ठेलागाड़ी एवं गुमटी व्यवसाईयों को हटवाए जाने के साथ स्थायी अतिक्रमण के रूप से फुटपाथ, ओटलों से सामान हटवाया गया एवं दुकानदारों के शेड खुलवाए गए। यह मुहीम करीब 2 से ढ़ाई घंटे तक चली।

नगरपालिका सीएमओ मिलन पटेल एवं ट्रेफिक प्रभारी कमल मिंदल के नेतृत्व में नगरपालिका की राजस्व शाखा एवं लोक निर्माण शाखा से प्रेमसिंह वसुनिया, रूपसिंह आदिवासी, मुकेश चौहान एवं ट्रेफिक पुलिस से एएसआई रामलाल सिंगार तथा लोकेन्द्र खेड़े, आरक्षक सत्येन्द्र, राकेश आदि द्वारा सोमवार दोपहर 12.30 बजे से अतिक्रमण हटाओं अभियान की शुरूआत की गई। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका एवं ट्रेफिक पुलिस द्वारा शहर में 3-4 दिन पूर्व ही ठेलागाड़ी, गुमटी व्यवसाईयों के साथ स्थायी दुकानदारों को अपना अतिक्रमण स्वेच्छा से हटाने की हिदायत दी गई थी। वहीं इसको लेकर संपूर्ण शहर में मुनादी भी करवाई गई। बावजूद इसके व्यवसाईयों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने के चलते नगरपालिका एवं ट्रेफिक पुलिस का अमला सोमवार दोपहर अतिक्रमण हटाने बाजार में निकला।



बस स्टैंड से विजय स्तंभ तिराहा एवं मेन बाजार से हटवाया अतिक्रमण

नगरपालिका एवं ट्रेफिक पुलिस के अमले ने बस स्टैंड से लेकर विजय स्तंभ तिराहा तक लगी ठेलागाड़ी, गुमटियों को हटवाने के साथ फुटपाथ पर लगी ठेलागाड़ियां भी हटवाई गई। इस दौरान जेसीबी मशीन से 2-3 गुमटियों को तोड़ा भी गया। वहीं कई दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर सामान जप्त कर ट्रेक्टर ट्राली में भरकर नगरपालिका कार्यालय ले जाया गया। करीब 2 से ढ़ाई घंटे तक चली इस मुहीम से व्यापारियों में हड़कंप मच गया एवं लोगों की भीड़ भी जमा हो गई।

## मेन बाजार से आगे नहीं बढ़ पाई मुहिम

नगरपालिका द्वारा बस स्टैंड चौराहा से विजय स्तंभ तिराहा एवं मेन बाजार तक के दुकानदारों को ही पूर्व में नोटिस जारी किए गए। बाजार में सभी व्यापारियों को नोटिस नहीं देने के अभाव में यह मुहीम बस स्टैंड से विजय स्तंभ और मेन बाजार तक ही सीमित होकर रह गई। आगे मुख्य बाजार में मुहीम नहीं चलाई गई। इस संबंध में नगरपालिका सीएमओ मिलन पटेल से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि मुख्य बाजार में भी स्थायी एवं अस्थायी व्यापारियों को आगामी दिनों में नोटिस जारी किए जाएंगे। नोटिस के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर मुहीम चलाकर सख्ती से अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

## एक नजर में

### सम्मान के साथ मनाया सशस्त्र सेना झंडा दिवस



**आलीराजपुर।** जिले में सशस्त्र सेना झंडा दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस दौरान पूर्व सैनिक श्री अर्जुन सिंह गवले ने बताया कि वर्ष 2024 में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के लिए निर्धारित लक्ष्य राशि 3,52,100 रुपए के विरुद्ध जिले द्वारा 9,53,300 रुपए की राशि एकत्रित कर जमा की गई है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का प्रतीकात्मक झंडा चिन्ह लगाया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यह दिवस सशस्त्र बलों की बहादुरी, समर्पण, बलिदान और राष्ट्र के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को नमन करने का पवित्र अवसर है। कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित अन्य विभाग प्रमुखों, अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सम्मानपूर्वक प्रतीकात्मक झंडा चिन्ह लगाया गया। कार्यक्रम में श्री राजेश बीसिया, श्री दीपक शर्मा, सुश्री अनंता रावत सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश जारी

**आलीराजपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नीतू माथुर ने त्रि-स्तरीय पंचायत उप-निर्वाचन 2025 के तहत वाव ( विकासखंड,कट्ठीवाड़ा) और जाली (विकासखंड,जोबट) ग्राम पंचायतों में होने वाले पंच पदों के उप-निर्वाचन हेतु व्यापक सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था संबंधी निर्देश जारी किए हैं। निर्वाचन के दौरान शांति बनाए रखने के लिए अंतरराज्यीय सीमाओं पर चेक पोस्ट स्थापित करने, वाहनों की सघन जांच, रेलवे स्टेशनङ्कबस स्टैंड और होटलों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल का उचित वितरण, अवैध शराब व हथियारों की धरपकड़, लंबित वारंटो की तामिली और चुनाव से जुड़े अपराधियों पर निगरानी रखने को कहा गया है। शस्त्र जमा कराने और अस्त्र लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध का भी आदेश जारी किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती माथुर ने कहा कि इन सभी कार्यवाहियों का उद्देश्य स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करना है।

### डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण की समय सारणी जारी

**आलीराजपुर।** तहसीलदार आलीराजपुर द्वारा बताया गया कि रबी मौसम हेतु डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण की समय सारणी जारी की गई जिसके अनुसार सर्वेयर पंजीयन कार्य पूर्णता तक किया जाएगा। इस हेतु समस्त प्रशिक्षण 20 जनवरी 2026 तक, किसान गिरदावरी एवं सर्वेयर क्रॉप सर्वे का कार्य 21 जनवरी से 28 फरवरी तक, सुपरवाइजर सत्यापन कार्य 5 मार्च तक, किसान दावा आपत्ति कार्य 10 मार्च तक, दावा आपत्ति निराकरण 15 मार्च तक, वेरीफायर अनुमोदन 10 मार्च से 15 मार्च तक, डिजिटल क्रॉप सर्वे जांच कार्य 1 से 15 मार्च तक तथा जांच कार्य का अंतिम अनुमोदन 20 मार्च को किया जाएगा। अंतिम डाटा भूलेख पोर्टल पर अद्यतन 31 मार्च को किया जाएगा। मध्यप्रदेश भू-अभिलेख नियमावली के अनुसार फसल गिरदावरी का कार्य वर्ष में 03 बार मौसम खरीफ रबी व जायद में सारा एप के माध्यम से संपन्न किया जाता है। जिसका उपयोग उपार्जन फसल बीमा आदि योजनाओं में सतत रूप से किया जा रहा है। फसल गिरदावरी कार्य में पारदर्शिता लाने हेतु डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया है। जिसमें जियो फेस तकनीक के माध्यम से खेत में बोई गई फसल का फोटो खींचकर फसल सर्वेक्षण का कार्य नियत अंतराल में पूर्ण किया जाएगा।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता : विधायक



**आलीराजपुर।** 65 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नए उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन का ग्राम थापली में भूमि पूजन विधायक सेना महेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ. सुनहरे, ग्राम पंचायत के सरपंच दिलीप चौहान, वरिष्ठ नेता आराम पटेल,वरिष्ठ नेता सरदार अजनार, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक श्री पटेल ने कहा कि थापली क्षेत्र के ग्रामीणों को अब नज़दीक ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध होंगी। यह उप-स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों के लिए बड़ी सौगात है। विधायक ने कार्यक्रम के दौरान सीएमएचओ डॉ. सुनहरे से विशेष निवेदन करते हुए कहा भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद यहाँ पर्याप्त डॉक्टर और स्टाफ की व्यवस्था अवश्य की जाए। जहाँ भी जरूरत पड़ेगी, मैं स्वयं आपके साथ खड़ी रहूँगी और हर संभव सहयोग दूँगी। उन्होंने कहा कि जोबट विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। नया भवन ग्रामीणों के लिए नई सुविधा 65 लाख की लागत से बनने वाले इस उप-स्वास्थ्य केंद्र से ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार प्रसूति व मातृत्व सेवाएँ टीकाकरण स्वास्थ्य परीक्षण जैसी सुविधाएँ मिलेंगी, जिससे ग्रामीणों को अब दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने ग्रामीणों के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने की बात कही।

# राजवाड़ा पर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का लिया सामूहिक संकल्प

**▶ कैट ने निकाली स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा, दो पहिया वाहन रैली भी निकाली**

**झाबुआ।** कन्फेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान अंतर्गत स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से शहर में स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का आयोजन किया गया। अभियान के तहत राजवाड़ा पर सभी ने 'स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने एवं विदेशी सामग्रीयों का पूर्णत: बहिष्कार' का सामूहिक संकल्प लिया। बाद राजवाड़ा से रथ यात्रा के साथ दो पहिया वाहन रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई।



जानकारी देते हुए कैट एसोसिएशन जिलाध्यक्ष मुकेश जैन 'नाकोड़ा' एवं जिला महामंत्री पंकज जैन 'मोगरा' ने बताया कि कैट एसोसिएशन एवं स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी 8 दिसंबर, सोमवार शाम 5 बजे शहर के मध्य राजवाड़ा पर एकत्रित हुए। यहां स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा के सम्मुख कैट के जिला महामंत्री पंकज जैन 'मोगरा' ने उपस्थित कैट एसोसिएशन के पदाधिकारी-सदस्यों, स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों और शहर के व्यापारियों और आमजनों को देश को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु 'स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार' करने का सामूहिक संकल्प दिलवाया गया। बाद सभी ने 'स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएंगे, देश को मजबूत बनाएंगे, जय-जय स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' के सामूहिक जयघोष लगाएं।

**राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और केसरिया ध्वजों के साथ निकाली वाहन रैली :** इस दौरान रथ यात्रा के आगे मातृ शक्ति के रूप में कैट एसोसिएशन से जुड़ी सपना संघवी एवं भारती जैन 'मोगरा' ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। वहीं अतिथि के रूप में एसडीएम झाबुआ भास्कर गाचले ने झंडी दिखाकर स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा के साथ दो पहिया वाहन रैली को रवाना किया। यह रैली आगे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और पीछे केसरिया ध्वज के साथ बड़ी संख्या में कैट एसोसिएशन के पदाधिकारी-सदस्य वाहन रैली में शामिल हुए।

**यह रहे उपस्थित** -कैट एसोसिएशन शहर अध्यक्ष संचित बाबेल एवं सचिव प्रांशु शाह ने बताया कि वाहन रैली में कैट एसोसिएशन के पदाधिकारियों में मुख्य रूप से भरत बाबेल, अशोक सकलेचा, अनिल संघवी, दीपक डूंगरवाल, दीपेश बबलू सकलेचा, प्रवीण रूनवाल, उत्तम जैन, अमित जैन, देवेन्द्र शाह, संदीप जैन, नितेश कोठारी, नीतिन सांकी, य भंडारी, रितेश कोठारी भल्ला, अब्बासभाई झाबुआ वाला, बुरहान रोजाता, ओनअली रोजाता, ताहेरभाई गैस वाले, हुसैनीभाई झाबुआ वाला, मोहम्मदभाई खेड़ीवाला, अब्बास रोजाता, शुभम सोनी 'पारा', पलॉश कोठारी 'पारा', सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह राठौर, स्वदेशी जागरण मंच के जिला पदाधिकारी दिलीप जोशी एवं अनिल पोरवाल 'भूरूभाई', भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान, जिला कार्यालय मंत्री मजेसिंह मखोड़िया, नगर मंडल अध्यक्ष शक्तिसिंह देवड़ा आदि सहित बड़ी संख्या में शहर के व्यापारी एवं आमजनों ने भी सहभागिता की।

## इन मार्गों से होकर निकली रैली

यह वाहन रैली स्वदेशी जयघोष और नारों के साथ संपूर्ण शहर में जन-जागरूकता फैलाते हुए निकली। रैली राजवाड़ा से श्री गौवर्धननाथ मंदिर तिराहा, आजाद चौक, बाबेल चौराहा, थांदला गेट, मेन बाजार, बस स्टैंड चौराहा से पुन: मेन बाजार, थांदला गेट, रूनवाल बाजार, राधाकृष्ण मार्ग, राजवाड़ा, महाकालिका माता मंदिर परिसर, डीआरपी लाईन तिराहा होते हुए राजगढ़ नाका पर समापन हुआ। अंत में सभी के प्रति आभार कैट एसोसिएशन जिलाध्यक्ष मुकेश जैन 'नाकोड़ा' एवं जिला महामंत्री पंकज जैन 'मोगरा' ने माना।

# पंचायत उप निर्वाचन के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

**आलीराजपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नीतू माथुर द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश के त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2025 के ग्राम पंचायत वाव( कट्ठीवाड़ा )एवं जाली( जोबट ) में पंच पदों के चुनाव की घोषणा की जा चुकी है।**

चुनाव कार्यक्रम की घोषणा ( निर्वाचन क्षेत्र) में राजनैतिक पार्टियों तथा व्यक्तियों द्वारा जुलूस, जनसम्पर्क, आम सभाएं इत्यादि गतिविधियां तेजी से प्रारंभ होने की संभावना है। जिसमें काफी अधिक संख्या में व्यक्ति सम्मिलित हो सकते हैं। जन समूह के एक स्थान पर जमा होने जुलूस निकालने, राजनैतिक दलों/व्यक्तियों द्वारा जन समूह के मध्य उत्तेजक वक्तव्य देने की आशंका से जन आक्रोश उत्पन्न होकर कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है।असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध शस्त्र लेकर चलने से कानून व्यवस्था भंग होने की आशंका भी है।



उपरोक्त बिंदुओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जिले में मानव जीवन की सुरक्षा, लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण जिला आलीराजपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में सर्वसाधारण के पालनार्थ प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है जिसके तहत- कोई भी व्यक्ति, अभ्यर्थी तथा राजनीतिक दल, सक्षम अधिकारी, संबंधित अनुविभागीय अधिकारी की 48 घंटे पूर्व अनुमति तथा पुलिस को पूर्व सूचना दिए बिना कोई जुलूस नहीं निकालेगा,किसी भी सार्वजनिक स्थान पर ना तो किसी आम सभा का आयोजन करेगा और ना ही टेंट, शामियाना इत्यादि लगाएगा,कोई भी व्यक्ति/संगठन /समूह एक स्थान पर लाठी पत्थर या किसी प्रकार के घातक पदार्थ या अस्त शस्त्रों का संग्रह नहीं करेगा,कोई भी व्यक्ति मतदाताओं को किसी भी प्रकार का प्रलोभन या लालच आदि देकर या थोंस-धपट या धमकी देकर भयभीत नहीं करेगा और ना ही निर्वाचन प्रक्रिया को किसी प्रकार से दूषित करेगा,कोई भी व्यक्ति या समूह किसी प्रकार के अस्त्र शस्त्रों को धारित नहीं करेगा और ना ही उनका किसी प्रकार का कोई प्रयोग करेगा और ना ही उनका कोई सामूहिक प्रदर्शन आयोजित करेगा,कोई भी बाहरी व्यक्ति (मतदाताओं को छोड़कर) मतदान केंद्र की सौ मीटर की परिधि में ना तो प्रवेश करेगा और ना ही समूह बनाकर एकत्रित होगा,कोई भी राजनैतिक दल या व्यक्ति किसी प्रकार का धरना प्रदर्शन जुलूस, चक्का जाम या पुतला दहन नहीं करेगा या आयोजित नहीं करेगा या किसी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उसका समर्थन नहीं करेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। आदेश का उल्लंघन करने की दशा में संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी।



# जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में किया गया मतदाता सूची का वाचन

**आलीराजपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती माथुर के निर्देशानुसार जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में आज दिनांक 08.12.2025 को मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का वाचन किया गया। निर्देशों के परिपालन में बी.एल.ओ. द्वारा बी.एल.ए., सहयोगी टीम एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अनकलेक्टेबल गणना पत्रक की सूची जिसमें मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित एवं रिपीटेड मतदाता शामिल हैं,का वाचन किया गया। इसके साथ ही नो मैपिंग मतदाताओं की सूची का भी वाचन किया गया।

वाचन उपरांत यदि किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक हो तो बी.एल.ए., सहयोगी टीम एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि इस संबंध में बी.एल.ओ. को अवगत करा सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माथुर ने बताया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण को और अधिक पारदर्शी बनाना है।

**एक नजर** ▶ **10 दिसंबर से शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में गूंजेंगे कैरोल गीत**

# क्रिसमस पर्व को लेकर सजाई जा रहीं बालक येशू की सुंदर झांकी

**झाबुआ।** क्रिसमस पर्व को लेकर इसाई समाज द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रहीं है। स्थानीय कैथोलिक चर्च प्रांगण में मुख्य प्रार्थना घर पर रात्रि में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। वहीं मुख्य प्रार्थना घर के समीप बालक येशू की सुंदर झांकी का निर्माण समाज के युवाओं द्वारा किया जा रहा है। 10 दिसंबर से शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में समाज के घरों पर कैरोल के गीत सुनाई देंगे।

जानकारी देते हुए कैथोलिक डायोसिस के प्रभारी पीआरओ फा. रॉकी शाह ने बताया कि क्रिसमस पर्व को विगत एक पखवाड़े से तैयारियां का दौर चल रहा है। समाजजनों द्वारा अपने घरों पर रंग-रोगन और सजावट करने के साथ घरों के आंगन एवं परिसर में गौशाला का निर्माण किया जा रहा है। मुख्य प्रार्थना घर पर विशेष सज्जा की गई है। चर्च प्रांगण में



मुख्य झांकी का निर्माण कैथोलिक चर्च झाबुआ के फा. कैनेडी थॉमस के निर्देशन में समाज के युवाओं में सौरभ वसुनिया, विजय सिंगार, आशीष कटारा, दिलीप डामोर, सुनिल वाखला, वारिस शेख सिमोन मेड़ा आदि कर रहे है। झांकी में बालक येशू के जन्म के साथ प्रभु येशू मसीह के संदेशों को अलग-अलग खंड बनाकर प्रसारित किया जाएगा। यह झांकी 22 दिसंबर तक तैयार हो जाएगी। क्रिसमस को लेकर समाजजन बाजार में भी खरीददारी कर रहे है। बाजार में क्रिसमस ट्री, स्टार, तोरण, मालाओं की बिक्री हो रहीं है। जैसे-जैसे पर्व नजदीक आएगा, तैयारियों में भी तेजी जाएगी। क्रिसमस को लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह है।

कैथोलिक डायोसिस के प्रभारी पीआरओ फा. रॉकी शाह ने बताया कि डायोसिस की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार समाजजनों के घरों पर कैरोल सिंगिंग 10 दिसंबर से आरंभ होंगे। जिसमें 10 दिसंबर को मोहनपुरा में सुबह 10 बजे से एवं बाटियाबयड़ी में शाम 5 बजे से, 11 दिसंबर को विजियाडूंगरी में शाम 4 बजे से, 12 दिसंबर को ग्राम कागझर एवं गोपालपुरा में शाम 4 बजे से, 13 दिसंबर को हुड़ा, मारूति नगर एवं ग्राम गडवाड़ा में दोपहर 3.30 बजे से, 14 दिसंबर को विवेकानंद कॉलोनी एवं हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, 15 दिसंबर को गोपाल कॉलोनी, ऑफिसर्स कॉलोनी एवं कुरैशी कपाउंड, 16 दिसंबर को ग्राम मिंडल, रंगपुरा एवं बारिया फलिया, 17 दिसंबर को डीआरपी लाईन, किशनपुरी, बिलिडोज, 18 दिसंबर को दिलीप गेट, राजपूत बोर्डिंग हाऊस एवं ग्राम डूंगराधन्ना, 19 दिसंबर को मेघनगर नाका एवं उदयपुरिया क्षेत्र, 20 दिसंबर को माधोपुरा एवं मोजीपाड़ा तथा 21 दिसंबर को चर्च कॉलोनी, एलआईसी कॉलोनी और मदर टेरेसा कॉलोनी में समाजजनों के घरों पर कैरोल के गीत समाज के वरिष्ठजनों एवं युवा टोली द्वारा पहुंचकर गाए जाएंगे।